53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 27.5°c | अधिकतम 32.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:20, सूर्यास्त - 7:22 | वर्ष : 53/ अंक : 174 | बुधवार, 25 जून 2025 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अमावस | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

मौन रहना एक साधना है और सोच समझकर बोलना एक कला।

चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को बातचीत के लिए आमंत्रित किया : नयी दिल्ली

हो सकता है.... चुनाव आयोग की बात... उनकी समझ में आ जाए........

# बिलासपुर में भीषण हादसे सहित अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन की मौत, कई लोग घायल











**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** मंगलवार को उस समय बड़ा हादसा हो गया जब नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के बिलासपुर कट पर एक डस्ट से भरा डम्फर मोड़ पर मुड़ते हुए पिकअप से टकरा गया और टकराते ही डस्ट से भरा डम्फर पलट गया। उक्त डम्फर हरिद्वार की ओर से डस्ट लेकर आ रहा था। दुखदाई बात यह रही कि जिस समय डम्फर पलटा तभी बराबर में रस के ठेले पर गन्ने का रस पी रहे लागों पर उक्त डम्फर जा गिरा, जिसमें विक्रेता व ग्राहक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में सचिन निवासी बेहड़ा आस्सा, थाना सिखेड़ा की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि हिमांशू व वंश निवासीगण थाना झिंझाना जनपद शामली, शुभलेश पत्नी कदम सिंह, उसका पुत्र विकास निवासी ककरौली, मोंटी व छोटू निवासी थाना सिखेड़ा, राजवीर निवासी एकता विहार, शहर कोतवाली व राहुल निवासी गांव बिलासपुर घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों ने डम्फर के नीचे से घायलों को निकालने का प्रयास किया और इसी बीच पुलिस को इसकी सूचना दी गयी। घटना के लगभग आधे घंटे बाद दो क्रेन व जेसीबी मशीन मौके पर पहुंची व लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद डम्फर को सीधा कराया गया, मगर तब तक डम्फर के नीचे दबने से रेहड़ा व बाइक बुरी क्षतिग्रस्त हो चुके थे। सूचना मिलते ही एसपी ट्रैफिक अतुल चौबे, सीओ मंडी रुपाली राय व थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल पुलिस टीम व एम्बुलेंस को साथ लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्रेन की मदद से डम्फर को सीधा कराकर उसकी चपेट में आये लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भिजवाया।










## अज्ञात वाहन से टक्कर से युवक की मौत

**पुरकाजी।** पुरकाजी ब्लॉक के ग्राम तेजलहेड़ा निवासी 35 वर्षीय राजीव कुमार सोमवार की रात्रि को उत्तराखंड के खानपुर लक्सर थाना के ग्राम दाबकी से अपनी बाइक पर सवार होकर अपने गांव वापस लौट रहा था। बाइक सवार युवक जब पुरकाजी थाना ग्राम बढ़ीवाला के निकट पहुंचा, तो किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घायल युवक को एंबुलेंस से पुरकाजी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने राजीव को मृतक घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मंसूरपुर।** थाना क्षेत्र के हाईवे पर शाहपुर मोड़ के निकट एक बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार रात्रि थाना क्षेत्र के गांव सोंटा निवासी युवक विपिन बाइक पर सवार होकर खानूपुर में स्थित एक गोदाम पर किसी काम से गया था। अपना काम निपटाकर जब वह हाईवे पर शाहपुर मोड़ के समीप पहुंचा, तो इसकी बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल विपिन को पुलिस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर आज नगर में



**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** प्रदेश की योगी सरकार में ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा विभाग में बतौर राज्य मंत्री एवं मुजफ्फरनगर जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर बुधवार को नगर मुख्यालय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। मंगलवार को उनके जारी कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर बुधवार को अपराह्न 3 बजे मेरठ स्थित आवास शास्त्रीनगर से कार द्वारा मुजफ्फरनगर पहुंचे, जहां उनका भाजपा पार्टी कार्यालय पर आपात काल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा बाद में मीडिया से वार्ता करेंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर 4.45 बजे सायं गांधी वाटिका गांधी कॉलोनी में एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे और यहीं आपात काल के विषय में आयोतित संगोष्ठी में शामिल होंगे। इसके बाद मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर सायं 6 बजे दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ द्वारा आयोजित किए कार्यक्रम में सिविल लाइन्स दक्षिणी स्थित कार्यालय पर प्रतिभाग करेंगे।

प्रथम पुण्यतिथि



प्रेरणा-स्रोत
स्व० श्री रामेश्वर दयाल शर्मा जी
(30 जून, 1946 - 25 जून, 2024)
आपके आदर्श, दृढ़ता, कर्मनिष्ठा सदैव ही
हमारे मार्गदर्शक एवं प्रेरणा-स्रोत रहेंगे।
आपकी पावन स्मृति मन में संजोये हम निरन्तर
आपके बताये मार्ग पर चलने का प्रयास करेंगे।
श्रीमती उषा शर्मा (धर्मपत्नी)
अमित शर्मा-ऋतु शर्मा (पुत्र-पुत्रवधू)
सन्दीप शर्मा- वैशाली शर्मा (दामाद-पुत्री)
अनन्त व्यास- शिखा व्यास (दामाद-पुत्री)
अनाया, आरोही, देवज्ञ (पौत्री-पौत्र)
सिद्धांत, असमी, अभिनव, अर्णव (धेवते-धेवती)
:: प्रतिष्ठान ::
• गोल्डन पब्लिक स्कूल • संगम बाथ पैलेस

पंचम पुण्य तिथि



श्रद्धेय स्व. श्री बीरबल दास जिन्दल जी
जन्मतिथि : 9 जुलाई 1941- निर्वाण तिथि : 25 जून 2020
आप सम्पूर्ण परिवार के लिए अथाह शक्ति के स्रोत थे।
आपने जीवन में सत्य, श्रम एवं निःस्वार्थ कर्म का मार्ग दिखाया।
आपकी पावन स्मृति को मन में संजोए, हम इस मार्ग पर निरंतर चलेंगे।
आपका अपूर्व तेजस्व पूरे परिवार को सदा ही प्रभावित करता रहेगा।
आपके द्वारा दिखाये गये सद्मार्ग पर अग्रसर.......
-: श्रद्धावनत :-
समस्त परिजन एवं कर्मचारीगण
-: प्रतिष्ठान :-
नाथ रियल्टी प्रा. लि., भोपा रोड, मुजफ्फरनगर
गुप्ता नर्सिंग होम एण्ड लेप्रो सैन्टर, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर
नाथ फार्म, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर
पलासा होटल एण्ड रिजोर्ट, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर
बी.डी.जे. एन्टरप्राईजेज, मुजफ्फरनगर

25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE | MAX Healthcare
मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली (गाज़ियाबाद)
के श्रेष्ठ गायनी कैंसर रोग विशेषज्ञ से परामर्श,
अब आपके शहर मुज़फ्फरनगर में
ओ.पी.डी. शेड्यूल
डॉ. स्वस्ति
डायरेक्टर - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (गाइनी कैंसर)
गुरुवार, 26 जून, 2025
सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे
सेवा मेडिकेयर, महावीर चौक मुजफ्फरनगर
समस्याएँ: बच्चेदानी / अंडेदानी में रसौली, सर्वाइकल कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, ओवरी का कैंसर, महिला में कैंसर होने पर काउंसिल की सुविधा, कैंसर के वैक्सीनेशन की जानकारी, असमान्य ब्लीडिंग या डिस्चार्ज, मासिक धर्म बन्द होने के बाद ब्लीडिंग, ओवरी के गांठ या सूजन
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: +91-82181 49646
www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर -1, वैशाली, गाजियाबाद - 201012 (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी

श्री नारायण गुरु, जिन्होंने सौ साल पहले ऊंच-नीच और छुआछूत के विरुद्ध संदेश दिया और उस कालखण्ड में उनकी बातों को सुना भी गया। महात्मा गांधी भी ऊंच-नीच और छुआछूत को नहीं मानते थे। इन दोनों महान विभूतियों की इस विषय पर चर्चा भी हुई थी। श्री नारायण गुरु केरल के संत थे। श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक वार्तालाप के शताब्दी समारोह का कल नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में शुभारंभ हुआ। महान हस्तियों को और उनके विचारों को सम्मान देने के इस प्रयास की सराहना की जा रही है। यह ऐतिहासिक वार्तालाप 12 मार्च, 1925 को महात्मा गांधी की यात्रा के दौरान शिवगिरी मठ में हुआ था। यह वार्तालाप वैकोम सत्याग्रह, धर्मांतरण, अहिंसा, अस्पृश्यता उन्मूलन, मोक्ष प्राप्ति, दलित उत्थान आदि विषयों पर केंद्रित था। श्री नारायण धर्म संघम ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस वैचारिक महाकुंभ में आध्यात्मिक गुरु और अन्य सदस्य भी रहे। प्रधानमन्त्री सहित अन्य वक्ताओं ने भारत के सामाजिक एवं नैतिक ताने-बाने को आकार देने वाले दूरदर्शी संवाद पर विचार प्रगट किए। प्रधानमन्त्री मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज ये परिसर देश के इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना को याद करने का साक्षी बन रहा है। एक ऐसी ऐतिहासिक घटना, जिसने न सिर्फ हमारे स्वतंत्रता आंदोलन को नयी दिशा दी, बल्कि स्वतंत्रता के उद्देश्य को नए मायने दिए। सौ साल पहले श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी की वो मुलाकात आज भी उतनी ही प्रेरक है, उतनी ही प्रासंगिक है। प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि सौ साल पहले वो मुलाकात, सामाजिक समरसता के लिए, विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए आज भी ऊर्जा के स्रोत की तरह है। इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं श्री नारायण गुरु को नमन करता हूं और महात्मा गांधी जी को भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि श्री नारायण गुरु के आदर्श पूरी मानवता के लिए बहुत बड़ी पूंजी है, जो लोग देश और समाज की सेवा के संकल्प पर काम करते हैं, श्री नारायण गुरु उनके लिए प्रकाश स्तंभ की तरह हैं। आप सभी जानते हैं कि समाज के शोषित, पीड़ित,वंचित वर्ग से मेरा क्या नाता है और इसलिए आज भी जब मैं समाज के शोषित, पीड़ित, वंचित वर्ग के लिए निर्णय लेता हूं, तो मैं गुरु देव को अवश्य याद करता हूं। भारत की विशेषता है कि हमारा देश जब भी मुश्किलों के भंवर में फंसता है, तो कोई न कोई महान विभूति देश के किसी कोने में जन्म लेकर समाज को नयी दिशा दिखाता है। कोई समाज के आध्यात्मिक उत्थान के लिए काम करता है, तो कोई सामाजिक क्षेत्र में समाज सुधारों को गति देता है। श्री नारायण गुरु ऐसे ही महान संत थे। कल भी प्रधानमन्त्री ने आतंकियों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा हाल ही में दुनिया ने भारत की क्षमता को देखा। हमारे ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत नीति को पूरी दुनिया के सामने साफ कर दिया। हमने दिखा दिया कि जो भारतीयों का खून बहाते हैं, उनके लिए अब दुनिया में कोई जगह सुरक्षित नहीं है। आज का भारत वही कदम उठाता है, जो संभव भी हो और राष्ट्रहित में सही भी हो। रक्षा क्षेत्र में अब भारत की विदेशी निर्भरता लगातार कम हो रही है। हम इस क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर' बनते जा रहे हैं, और इसका असर हमने ऑपरेशन सिंदूर में भी देखा। सिर्फ 22 मिनट में हमारी सेनाओं ने 'मेड इन इंडिया' हथियारों की मदद से दुश्मनों को घुटनों पर ला दिया। मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में 'मेड इन इंडिया' हथियारों की पहचान पूरी दुनिया में होगी। उन्होंने योग की बात भी की। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में हमने विश्व योग दिवस मनाया। इस बार योग दिवस की थीम थी- वन अर्थ, वन हेल्थ यानी एक धरती एक स्वास्थ्य। इससे पहले भी भारत ने विश्व कल्याण के लिए वन वर्ल्ड, वन हेल्थ जैसी पहल की है। आज भारत सस्टेनेबल डेवलपमेंट की दिशा में वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड जैसे ग्लोबल मूवमेंट को लीड कर रहा है। 2023 में जब भारत ने जी-20 समिट को लीड किया था, तब थीम रखा था- वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर। हमारे इन प्रयासों में वसुधैव कुटुंबकम की धारणा जुड़ी हुई है। श्री नारायण गुरु का जन्म दक्षिण केरल के एक साधारण परिवार में 22 अगस्त 1856 में हुआ था। भद्रा देवी के मंदिर के बगल में उनका घर था। एक धार्मिक वातावरण उन्हें बचपन ही में मिल गया था। बाद में श्री नारायण गुरु अरुविप्पुरम आ गये थे। उस समय वहां घना जंगल था। धीरे-धीरे नारायण गुरु सिद्ध पुरुष के रूप में प्रसिद्ध होने लगे। लोग उनसे आशीर्वाद लेने के लिए आने लगे, तभी गुरुजी को एक मंदिर बनाने का विचार आया। नारायण गुरु एक ऐसा मंदिर बनाना चाहते थे, जिसमें किसी किस्म का कोई भेदभाव न हो। न धर्म का, न जाति का और न ही आदमी का या औरत का। दक्षिण केरल में नैयर नदी के किनारे एक जगह है अरुविप्पुरम। वह केरल का एक खास तीर्थ है। नारायण गुरु ने यहां एक मंदिर बनाया था। एक नजर में वह मंदिर और मंदिरों जैसा ही लगता है, लेकिन एक समय में उस मंदिर ने इतिहास रचा था। अरुविप्पुरम का मंदिर इस देश का शायद पहला मंदिर है, जहां बिना किसी जातिभेद के कोई भी पूजा कर सकता था। उस समय जाति के बंधनों में जकड़े समाज में हंगामा खड़ा हो गया था, तब श्री नारायण गुरु ने कहा था, ईश्वर न तो पुजारी है और न ही किसान। वह सबमें है,वह एक ऐसे धर्म की खोज में थे, जहां आम से आम आदमी भी जुड़ाव महसूस कर सके। वह नीची जातियों और जाति से बाहर लोगों को स्वाभिमान से जीते देखना चाहते थे। उस समय केरल में ऊंच-नीच, छुआछूत जमकर प्रचलित थी। महात्मा गांधी भी अस्पृश्यता को सबसे बड़ी सामाजिक बुराई मानते थे। उन्होंने 1930 के दशक में हरिजन अर्थात हरी या ईश्वर के जन शब्द को लोकप्रिय बनाया था, ताकि जाति के नामों से होने वाले अपमानजनक आरोप का मुकाबला किया जा सके। 1932 में, गांधी जी ने भारत की जाति व्यवस्था से अस्पृश्यता की अवधारणा को मिटाने के अपने प्रयासों के तहत हरिजन सेवक संघ की स्थापना की। उन्होंने हरिजनों के उत्थान के लिए सकारात्मक साधनों की वकालत की। उन्होंने हरिजन कल्याण के सिद्धांतों को दोहराते हुए विभिन्न जनसभाओं को संबोधित किया और उच्च जाति के लोगों के साथ हरिजनों के कई जुलूसों का नेतृत्व किया और पूजा, भजन, कीर्तन में भाग लिया। यंग इंडिया में, उन्होंने लिखा कि मंदिर, सार्वजनिक कुएं और पब्लिक स्कूल सभी के लिए समान रूप से खुले होने चाहिए।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'पहचान' 'जिन्दगी' 'आसान' 'दान'

जाहिलों की दोस्तो पहचान करना सीखिये,<br>मुश्किलों में जिन्दगी आसान करना सीखिये।<br>कारोबारी नकली कवियों की मदद हरगिज नहीं,<br>बस जरूरत मन्द ही को दान करना सीखिये।

## आटोक्लेव मशीन के मैकेनिक को डाक्टर बता किया हंगामा

### - सीएचसी में प्रसव पीड़ा के चलते भर्ती हुई थी महिला



**बुढ़ाना, 24 जून (बु.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में लगी हुई आटोक्लेव मशीन को ठीक करने सीएचसी आए एक मैकेनिक को उस समय लेने के देने पड़ गये, जब उसको सीएचसी में मौजूद कुछ लोगों ने झोलाछाप डाक्टर बताकर जमकर हंगामा किया। इस मामले में जब डीएम को फोन कर शिकायत हुई, तो उन्होंने सीएमओ को उक्त मामले की जांच के निर्देश दिए। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सीएचसी पर बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के अटाली गांव की एक महिला मीनावती देवी पत्नी तुषार कुमार को प्रसव पीड़ा के कारण भर्ती करवाया गया था। आज मंगलवार के दिन प्रसव पीड़िता मीनावती का सफल आपरेशन हुआ। उधर प्रसव कक्ष के बाहर कस्बे का एक मैकेनिक जो कि सीएचसी में आटोक्लेव ठीक करने के लिए आया हुआ था, उसको झोलाछाप चिकित्सक बताकर सीएचसी में मौजूद कुछ ग्रामीणों ने हंगामा खड़ा कर दिया। मौके पर एकत्रित हुई भीड़ ने बताया कि यहां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने किसी झोलाछाप डाक्टर को अपने यहां पर बुलाकर महिला का आपरेशन करवाया। अगर महिला को कुछ हो जाता, तो उसका जिम्मेदार कौन होता, इसी बात पर हंगामा होते देखकर स्थिति की गंभीरता को भांपकर यहां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने मैकेनिक को प्रसव कक्ष के दूसरे रास्ते से बाहर निकाल दिया।

## प्राथमिक विद्यालयों पर बढ़ा बंदी का संकट, जताया विरोध

### - बारिश के बीच शिक्षकों ने घेरा बीएसए दफ्तर, सौंपा ज्ञापन



**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ की जनपद इकाई ने जिला अध्यक्ष राम रतन बालियान और महामंत्री अमित शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को बीएसए कार्यालय का घेराव करते हुए शिक्षकों के साथ धरना दिया। इस दौरान जनपद के करीब 250 विद्यालयों पर छाए बंदी के संकट और इन सभी स्कूलों को दूसरे स्कूलों में विलय करने की सरकार की योजना का जमकर विरोध किया। प्राथमिक विद्यालयों पर छाए बंदी के संकट पर चिंता जताते हुए धरने पर बैठे शिक्षकों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए इस आदेश पर मुजफ्फरनगर में करीब 250 स्कूल बंद हो जाने के साथ, उनको मर्ज करते हुए अन्य विद्यालयों में समाहित किया जा रहा है। इस कड़ी में हर ब्लॉक में कुछ विद्यालयों का इसमें विलय किया जा रहा है। शिक्षकों ने सरकार की इस व्यवस्था का विरोध करते हुए इसको तत्काल रोके जाने की मांग करते हुए स्पष्ट किया कि अन्यथा की स्थिति में शिक्षक को सड़कों पर उतरने के लिए विवश होना पड़ेगा। धरने के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार को मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में शिक्षकों ने इन सभी स्कूलों को मर्ज करने के पूर्व में जारी आदेश को वापस लिए जाने की मांग की। महामंत्री अमित शर्मा ने कहा कि सरकार की ओर से जारी हुई इस व्यवस्था का डटकर विरोध होगा और शिक्षक अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरेंगे। शिक्षक नेता मैराज खालिद ने कहा कि शिक्षक किसी कीमत पर विद्यालयों को समाहित नहीं होने देंगे। इस बीच प्रदेश नेतृत्व से आए मनीष गोयल ने कहा कि शिक्षक किसी कीमत पर झुकने वाला नहीं है, उन्हें यूपी सरकार का यह काला कानून वापस चाहिए। इस दौरान मुख्य रूप से सुधीर पोरिया, रवि कुमार, अखलाक अहमद, मोहित, पूजा शर्मा, संध्या चौधरी, मंजू चौधरी, संदीप तोमर, अमित कुमार सहित सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## वैश्य समाज पर हो रहे जुल्मों के विरुद्ध किया विरोध प्रदर्शन

### - महाराजा अग्रसेन सेवा समिति ने सौंपा जिला प्रशासन को ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** महाराजा अग्रसेन सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में वैश्य समाज के दर्जनों लोगों ने समाज पर हो रहे अत्याचारों, हमलों और उत्पीड़न के विरुद्ध जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। समिति ने वैश्य समाज के साथ हो रही तमाम हिंसात्मक घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष अमित अग्रवाल के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में विगत एक माह में यूपी में वैश्य समाज पर हुए जुल्मों की सिलसिलेवार घटनाओं का उल्लेख किया गया। उन्होंने बताया कि बरेली में 20 जून को नवाबगंज क्षेत्र में व्यापारी राजीव गुप्ता को बेल्टों से पीटकर गंभीर रूप से घायल किया गया। फिरोजाबाद में 21 जून को आठ वर्षीय बालिका की बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी गई। प्रतापगढ़ में बिहारगंज बाजार



में मिठाई व्यापारी मुकेश जायसवाल और दिलीप जायसवाल को गोली मारी गई। नोएडा में 14 जून को घर में घुसकर दबंगों ने पुरुष, महिलाओं व बच्चों को बुरी तरह पीटा। लखनऊ में चाय बेचने वाली सिमरन गुप्ता को पुलिस कर्मियों द्वारा बेरहमी से पीटा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि वैश्य समाज के व्यापारियों के हत्यारों को फांसी की सजा दी जाए। साथ ही मृतक व्यापारियों के परिजनों को 1 करोड़ मुआवजा एवं एक सरकारी नौकरी प्रदान किए जाने की मांग की। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि वैश्य समाज के व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस में प्राथमिकता दी जाए। 60 वर्ष की आयु के बाद वैश्य व्यापारियों को पेंशन की सुविधा दिए जाने की भी मांग की गई। इस दौरान मनीष गोयल, अमित, गौरव महेश्वरी, मनोज गोयल, हरीश कुमार, सौरव कुमार, पंकज सिंघल, श्रद्धा मित्तल, अवतार सिंघल, पवन मित्तल, अनुज गर्ग आदि मौजूद रहे।

## बंदरों ने युवती को काटकर किया घायल



**बुढ़ाना, 24 जून (बु.)।** आतंकी बंदरों ने आतंक मचाते हुए अपनी छत पर कपड़े सुखाने गयी एक युवती को काट खाया और जख्मी कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बहलोलपुर हत्तासारी निवासी 21 वर्षीया शिवानी कुमारी आज मंगलवार के दिन अपनी छत पर दोपहर के समय कपड़े सुखाने गयी थी कि अचानक से आतंकी बंदरों ने शिवानी कुमारी को अकेला देखकर अचानक से हमला बोल दिया और उसको काटकर जख्मी कर दिया। शिवानी का शोर शराबा सुनकर परिजन छत पर डंडा लेकर आए और बड़ी मुश्किल से बंदरों के चंगुल से शिवानी कुमारी को छुड़ाया और बुढ़ाना कस्बे के एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत में अब काफी सुधार है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा आतंकी बंदरों ने उनकी जिंदगी नरक बनाकर रख दी। आए दिन बंदर किसी ना किसी पर हमला करते रहते हैं। उन्होंने प्रशासन से इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान दिए जाने की मांग की है।

## कस्बे के प्रेमी युगल को पुलिस ने किया बरामद

**बुढ़ाना, 24 जून (बु.)।** स्थानीय पुलिस ने बीते दिनों कस्बे से फरार हुए एक प्रेमी युगल को एक व्यक्ति के दबाव में लेते हुए बरामद कर लिया। किशोरी नाबालिग बताई गयी है, लेकिन युवक के परिजन पुलिस की कार्यवाही से बचने के लिए अपने पुत्र की शादी नाबालिग किशोरी के साथ करने पर ही आमादा है। किशोरी और युवक एक ही संप्रदाय के हैं, मगर अलग-अलग जातियों से हैं। चर्चा है कि युवक के परिजन किशोरी के परिजनों पर किसी भी सूरत में शादी करने का दबाव बनाए हुए हैं। ये मामला कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र से जानकारी करनी चाही, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

कुल मिलाकर युवक पक्ष पुलिस की कार्यवाही से बचने को कुछ भी करने को तैयार दिखाई पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि बीते हफ्ते बुढ़ाना कस्बे से एक युवक कस्बे की ही एक नाबालिग किशोरी को लेकर फरार हो गया था। युवक अपने घर से मोटी रकम भी ले गया था, कुछ इस तरह की चर्चाएं हैं। सूत्रों के अनुसार उधर दूसरी ओर बुढ़ाना पुलिस आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करने की तैयारी में लगी है।

## अब यूपी के स्कूलों में छात्रों की भी लगेगी ऑनलाइन हाजिरी

**- 2025-26 से यूपी के 27 हजार स्कूलों में ऑनलाइन अटेंडेंस अनिवार्य होगी**

**- स्कूल कैंपस के 200 मीटर दायरे से बाहर भेजी गई सूचना मान्य नहीं होगी**

**लखनऊ, 24 जून (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के माध्यमिक स्कूलों में अब शिक्षकों की तरह ही छात्रों की उपस्थिति मॉनिटर की जाएगी। शैक्षणिक सत्र 2025-26 से यूपी के 27 हजार माध्यमिक स्कूलों में छात्रों और शिक्षकों की ऑनलाइन अटेंडेंस अनिवार्य होने जा रही है। यूपी बोर्ड इसके लिए एक खास सॉफ्टवेयर तैयार करवा रहा है। इससे डमी स्कूलों पर भी लगाम लगाने में मदद मिलेगी। यूपी बोर्ड माध्यमिक स्कूलों में तैनात 5 लाख टीचर्स और 1 करोड़ छात्रों की हाजिरी मॉनिटर करेगा। सूचना भेजने पर प्रिंसिपल की फोटो और लोकेशन भी रिकॉर्ड होगी। स्कूल कैंपस के 200 मीटर दायरे से बाहर भेजी गई सूचना मान्य नहीं होगी। हर दिन सुबह 11 बजे तक बोर्ड मुख्यालय को छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति रिपोर्ट भेजनी होगी। गौरतलब है कि 2500 राजकीय स्कूलों में पहले से ही बायोमेट्रिक अटेंडेंस की व्यवस्था लागू है। प्रैक्टिकल परीक्षाओं में इस तकनीक का सफल उपयोग हो चुका है। बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों की अटेंडेंस सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आगामी शैक्षणिक सत्र में यह नई व्यवस्था लागू की जा रही है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। इसके लिए एक सॉफ्टवेयर तैयार करवाया जा रहा है, जिससे अटेंडेंस की सटीक जानकारी मिल सकेगी।

## ईपीएफओ ने ऑटो सेटलमेंट की सीमा पांच लाख की




**नयी दिल्ली, 24 जून (वार्ता)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने अंशधारकों के लिए भविष्य निधि जमा से 'ऑटो सैटलमेंट' के माध्यम से अग्रिम राशि निकालने की सीमा एक लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दी है। ईपीएफओ के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि कोविड काल के दौरान एक लाख रुपए तक के अग्रिम दावे के लिए ऑटो सेंटलमेंट की सुविधा शुरू की गई थी जिसे अब पांच लाख रुपए तक बढा दिया गया है। इससे लाखों अंशधारकों को लाभ होगा। ईपीएफओ ने सबसे पहले कोविड-19 महामारी के दौरान सदस्यों के लिए वित्तीय सहायता के लिए यह सुविधा आरंभ की थी। बाद में इसे बीमारी, शिक्षा, विवाह और आवास जैसी आवश्यकता के लिए बढ़ा दिया गया है। हाल में ईपीएफओ ने अपनी सेवाओं को तेज़, पारदर्शी और जन अनुकूल बनाने के लिए कई सुधार किए हैं। इनमें अपने ग्राहक को जानो, त्रुटि सुधार की प्रक्रिया को सरल बनाना आदि शामिल है। इसके अलावा अंशधारक को अपने प्रोफाइल सुधार के लिए नियोक्ता और ईपीएफओ पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। सूत्रों अनुसार यह प्रक्रिया बिना किसी मानव संलिप्तता के तेज़ी और पारदर्शिता के साथ दावा निपटाती है। वित्त वर्ष 2024-25 में ईपीएफओ ने ऑटो सेटलमेंट के ज़रिए रिकॉर्ड 2.34 करोड़ अग्रिम दावे निपटाये हैं, जो कि पिछले वर्ष 2023-24 के 89.52 लाख दावों की तुलना में 161 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में जहां 31 प्रतिशत अग्रिम दावे ऑटो सेटलमेंट से निपटाये गये थे। वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा बढ़कर 59 प्रतिशत हो गया। आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 के शुरुआती ढाई महीनों में ही ईपीएफओ ने 76.52 लाख दावे ऑटो सेटलमेंट से निपटाए हैं, जो अब तक के सभी अग्रिम दावे का 70 प्रतिशत हैं।

## नगरीय समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने भरी हुंकार



**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** रेलवे रोड स्थित रेस्टोरेंट में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन मित्तल एडवोकेट ने नगर स्तर की विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए विभागों की कार्य शैली पर सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था, वैध व अवैध ई-रिक्शाओं के साथ टेंपो आदि के संचालन के साथ पार्किंग जैसी समस्याओं की ओर जिलाधिकारी का ध्यान दिलाते हुए नालों की साफ-सफाई व कूड़ा निदान की समस्याओं में पालिका विफलता को कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया। कांग्रेस शहर अध्यक्ष रंजन मित्तल ने मीडिया के माध्यम से डीएम उमेश मिश्रा से कहा कि सरकार द्वारा 23 जुलाई, 2002 को जारी शासनादेश में स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई पत्रावली 4 दिनों से अधिक किसी भी सरकारी पटल पर लंबित नहीं रहनी चाहिए, परंतु ऐसा नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि शासनादेश के बावजूद जिला स्तर पर आदेशों का पालन नहीं हो रहा है, जिससे आम जनता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। शिकायतें समय पर नहीं निपटने से आम नगरिकों को न केवल मानसिक कष्ट झेलना पड़ता है, बल्कि भ्रष्टाचार की संभावनाएं भी बढ़ जाती हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा सिटीजन चार्टर के तहत 2023 में पुनः यह स्पष्ट किया था कि 3 दिनों से अधिक कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए, लेकिन जमीनी स्तर पर इस पर अमल नहीं हो रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आमजन से जुड़ी समस्याओं को उठाते हुए जहां नगरीय क्षेत्र की समस्याओं को उजागर करने की बात की, वहीं वर्तमान कार्य प्रणाली पर बड़े सवाल उठाते हुए जिला प्रशासन को सुझाव देते हुए आमजन की समस्याओं के निदान कराने में सहयोग का आश्वासन भी दिया। वार्ता के दौरान मुख्य रूप से को-ऑर्डिनेटर दिनेश अवाना व सुधीर कुमार, प्रांतीय महासचिव सोशल मीडिया मुकेश शर्मा, सगीर मलिक, आरिफ अंसारी, अनमोल जैन, कमल मित्तल, रामनिवास सैन, ओमबीर सिंह, शबनम सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## किशोरी से रेप करने वाला रेपिस्ट दबोचा

### - हाथ-पैर बांधकर घटना को दिया था अंजाम

**बुढ़ाना, 24 जून (बु.)।** घर में घुसकर एक किशोरी के हाथ-पैर बांधकर उसके साथ रेप करने वाले कामान्ध युवक को बुढ़ाना पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की परासौली चौकी क्षेत्र के एक गांव की निवासी 14 वर्षीया एक नाबालिग किशोरी के घर में घुसकर मौका पाकर एक कामान्ध युवक ने विगत दिवस डरा-धमकाकर हाथ-पैर बांधकर रेप की घटना को अंजाम दिया था और पुलिस में बताने पर किशोरी को मारपीट कर हत्या की धमकी देकर फरार हो गया था। घटना उस वक्त हुई, जब किशोरी के परिजन घर पर नहीं थे। पीड़िता नाबालिग किशोरी ने रेप होने की घटना की जानकारी जब अपने परिजनों को दी थी, तो उनके पैरों तले की जमीन खिसक गयी थी, जब उन्होंने घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी, तो बुढ़ाना पुलिस ने बिना देरी किए उक्त पीड़िता किशोरी का मेडिकल कराकर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए थे। आज मंगलवार के दिन परासौली पुलिस चौकी के इंचार्ज सुमित कुमार सिंह ने भागदौड़ करके अपने किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर आरोपी रवि पुत्र धर्मपाल सिंह को परासौली नहर की पुलिया के पास से पकड़कर लिखा-पढ़ी करके जेल भेज दिया है।






## विद्युत समस्याओं को लेकर घेरा मुख्य अभियंता का कार्यालय



**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** विद्युत आपूर्ति सुचारू कराने के साथ अन्य समस्याओं की मांग को लेकर मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्य अभियंता कार्यालय का घेराव करते हुए परिसर में धरना दिया। इस दौरान किसानों ने कुछ बिजली अधिकारियों पर किसानों की उपेक्षा किए जाने के साथ अन्य गंभीर आरोप लगाए। इस बीच गुस्साए किसानों ने कहा कि देहात क्षेत्र में बिजली सप्लाई की स्थिति सबसे अधिक खराब है। बार-बार शिकायत करने के बाद भी विभागीय अधिकारी कोई सुधार नहीं कर पा रहे हैं। मंगलवार को नेशनल हाइवे पर स्थित मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल के कार्यालय पर संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक एव अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के जिला अध्यक्ष अंकित चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने धरना दिया। अंकित चौधरी ने कहा कि जिले में तमाम दावों के बावजूद विद्युत आपूर्ति काफी खराब स्थिति में है। इस बीच अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन समस्या का समाधान दूर तक होता दिखाई नहीं देता है। उन्होंने कहा कि बुढ़ाना, मंसूरपुर समेत कई क्षेत्रों में विभाग द्वारा विद्युत क्षमता वृद्धि के लिए बिजनेस के प्लान में प्रस्ताव रखा गया, लेकिन डिस्कॉम द्वारा आगामी बिजनेस प्लान में लिए जाने के उद्देश्य से वेटिंग में रखा है। उधर, विद्युत उपकेन्द्र दतियाना अंतर्गत अवर अभियंता द्वारा अवैध लाइन की शिफ्टिंग की गई है। इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पायी है। उपकेन्द्र जौला के अंतर्गत ग्राम लोई में ट्रांसफार्मर को स्थापित किया गया, लेकिन बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं की गई। उपकेंद्र खुड्डा के गांव खोजा नंगला में स्थापित दो नग 250 केवीए परिवर्तकों की लीड जल जाती है, जिसके समाधान के लिए 1 नग 250 केवीए परिवर्तक स्थापित कराने के साथ उपकेन्द्र चौकड़ा पर स्थापित पांच एमवीए ट्रांसफार्मर अतिभारित की बनी समस्याओं के निदान की मांग बड़ी समस्या बन रही है।

## डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई परामर्शदात्री समिति की बैठक

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** विकास भवन सभागार में जिला परामर्शदात्री समिति एवं विशेष जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीएम उमेश मिश्रा और सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण द्वारा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सीडी रेशियो, वार्षिक ऋण योजना से जुड़े विषयों पर गहनता पूर्वक चर्चा की। डीएम उमेश मिश्रा द्वारा सीएम युवा, पीएम सूर्य घर, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वावलंबन योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, स्वयं सहायता समूह सीसीएल योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग योजना की बैंक वार समीक्षा करते हुए तमाम लंबित पत्रावलियों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में समय पर लक्ष्यों की प्राप्ति न होने पर अधिकारियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक शिशिर त्रिवेदी, भारतीय रिजर्व बैंक से अग्रणी जिला अधिकारी श्रवण कुमार, डीडीएम नाबार्ड निलय वत्स, उपायुक्त उद्योग जैसमीन सहित वित्तीय परामर्शदाता हेमंत त्यागी, निदेशक संजय कुमार एवं समस्त बैंक के समन्वयकों ने प्रतिभाग किया।






## अचीवर सम्मान समारोह का आयोजन हुआ

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बुस.)।** आज एडवांस पैराडाइज हेल्थ क्लब में अचीवर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यहां पर 45 दिन में 17 किलो वजन घटाने वाले डॉ. आलोक त्यागी को उनकी उपलब्धि पर मूलचंद रिजॉर्ट की ओर से दीप अग्रवाल व वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा नेत्री ममता अग्रवाल द्वारा पुरस्कार स्वरूप 10000 रूपये की धनराशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दीप अग्रवाल ने कहा कि जो भी वजन घटाने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगा, उसे मूलचंद रिजॉर्ट की ओर से समय-समय पर वरिष्ठ समाजसेवी ममता अग्रवाल द्वारा इसी प्रकार प्रोत्साहित किया जाएगा। ममता अग्रवाल ने बताया कि वह स्वस्थ व निरोगी समाज की स्थापना के लिए इसी प्रकार के पुरस्कार प्रदान करती रहेंगी। इस अवसर पर आलोक त्यागी ने इसका श्रेय अपने कोच कामेश्वर त्यागी को दिया एवं दीप को अपना प्रेरणा स्रोत बताया। साथ ही सभी लोगों का धन्यवाद किया। ज्ञात रहे 21 जून विश्व योग दिवस के दिन मूलचंद रिजॉर्ट पर भव्य कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर द्वारा डॉ. आलोक त्यागी को उनकी उपलब्धि पर ट्रॉफी देकर भी मूलचंद रिजॉर्ट द्वारा उनको सम्मानित किया गया था।

## वृक्षारोपण, पर्यावरण व गंगा समिति से जुड़े मुद्दों पर मंथन

### - डीएम उमेश मिश्रा ने दिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश



**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला वृक्षारोपण समिति के कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएम द्वारा वृक्षारोपण जन अभियान-2025 के अंतर्गत सभी विभागाध्यक्षों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष गड्ढा खुदान की सूचना प्रभागीय कार्यालय मुजफ्फरनगर में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बड़े वृक्षारोपण स्थलों को स्मृति वन के रूप में विकसित किया जाए तथा उनके नाम स्वतंत्रता सेनानी एवं स्थानीय प्रबुद्ध लोगों के ऊपर रखे जाएंगे। इसक साथ जिला पर्यावरण समिति के कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएम ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत एमआरएफ सेंटर निर्माण के लिए भूमि प्रबन्धन, साथ ही स्थानीय निकाय के विभिन्न क्षेत्रों से जनित नगरीय ठोस अपशिष्ट के एकत्रण एवं अन्तिम निस्तारण तक परिवहन किए जाने के लिए सेकेंड्री स्टोरेज फैसेलिटीज एवं उसकी कम्पोस्टिंग/आरडीएफ, लिगेसी वेस्ट की स्थिति पर चर्चा की गयी। जिला गंगा समिति की समीक्षा के दौरान शहरी क्षेत्रों से आने वाले नालों और ड्रेन्स के चिन्हीकरण की स्थिति के साथ सीवेज ट्रीटमेंट संयंत्रों की स्थापना किये जाने की स्थिति पर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए डीएम उमेश मिश्रा ने जरुरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी विभाग कन्हैया पटेल, एसडीएम खतौली संजय सिंह, एसडीएम जानसठ जयेंद्र सिंह, एसडीएम बुढ़ाना राजकुमार भारती, एसडीएम अपूर्वा यादव, प्रदूषण अधिकारी गीतेश सिंह, जल निगम एक्शन ग्रामीण संजय कुमार, डीपीआरओ रेणु श्रीवास्तव, खाद्यान्न अधिकारी अर्चना सिंह, उप निदेशक कृषि प्रमोद कुमार सिरोही, उपायुक्त उद्योग जैस्मिन, बीएसए संदीप कुमार, कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया, तहसीलदार खतौली सतीश चंद बघेल समेत बीडीओ आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## इंग्लैंड ने भारत को पांच विकेट से हराया, डकेट का शतक; रूट-क्रावली का पचासा

**नई दिल्ली, 24 जून (एजेंसी)।** बेन डकेट के शतक और जैक क्रावली तथा जो रूट के अर्धशतकों की मदद से इंग्लैंड ने भारत को पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन पांच विकेट से हराया। इंग्लैंड ने इस तरह पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम पहली पारी में बढ़त लेने के बावजूद इस मैच को जीत नहीं सकी। भारत ने इंग्लैंड के सामने 371 रनों का लक्ष्य रखा था। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 373 रन बनाकर जीत हासिल की। भारत की हार का सबसे बड़ा कारण दूसरी पारी में गेंदबाजों का लचर प्रदर्शन रहा। इंग्लैंड के लिए रूट 53 रन और जैमी स्मिथ 44 रन बनाकर नाबाद लौटे। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर ने दो-दो विकेट लिए, जबकि रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला। भारत की दूसरी पारी चौथे दिन 364 रन पर ऑलआउट हुई थी और उसने कुल 370 रनों की बढ़त हासिल कर इंग्लैंड को 371 रनों का लक्ष्य दिया था। इंग्लैंड ने पांचवें दिन की शुरूआत बिना किसी नुकसान के 21 रन से की। इंग्लैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 350 रन चाहिए थे, जबकि भारत को 10 विकेट लेने थे। इंग्लैंड के लिए जैक क्रावले और बेन डकेट ने शानदार बल्लेबाजी की और पहले विकेट के लिए 188 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति पर पहुंचाया। इन दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें दिन पहले सत्र में भारत को सफलता हासिल नहीं करने दी। भारत ने दूसरे सत्र में चार विकेट लिए, लेकिन अंत में रूट और स्मिथ ने मोर्चा संभाला और इंग्लैंड को जीत दिला दी। इंग्लैंड के लिए डकेट ने 149 रन, क्रावली ने 65, कप्तान बेन स्टोक्स ने 33, ओली पोप ने आठ रन बनाए, जबकि हैरी ब्रूक खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दूसरी पारी में खाली हाथ रहे और एक भी विकेट हासिल नहीं कर सके।

## मंत्री अनिल कुमार व विधायक मिथलेश पाल मामले में नहीं हो सकी सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार व विधायक मिथलेश पाल के खिलाफ कोर्ट में विचाराधीन दोनों मामलों में सुनवाई नहीं हो सकी। दोनों मामलों की सुनवाई एमपीएमएलए कोर्ट में चल रही है। दोनों मामलों में गवाहों के न आने के कारण सुनवाई नही हो सकी। वर्ष 2019 में धनगर जाति के प्रमाण पत्र बनवाने की मांग को लेकर राजकीय इण्टरर कॉलेज के मैदान में प्रदर्शन किया गया था। थाना सिविल लाइन पुलिस मामले में विधायक मिथलेश पाल समेत 14 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। इस मामले की सुनवाई एमपीएमएलए कोर्ट में चल रही है। गवाह के पेश न होने के कारण मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। वहीं कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के खिलाफ वर्ष 2022 गांव खामपुर में बिना अनुमति के जनसभा करने पर आचार संहिता उल्लघंन की रिपोर्ट कराई गयी थी। इस मामले में गवाह के न आने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। कैबिनेट मंत्री के मामले में सुनवाई के लिए कोर्ट ने 7 जुलाई की तिथि नियत की है, वहीं विधायक मिथलेश पाल मामले में 10 सितम्बर की तिथि नियत की है।

## करंट लगने से बाइक सवार तीन की मौत

**बालाघाट, 24 जून (वार्ता)** मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के सर्रा गांव के पास आज बिजली के तार की चपेट में आने के कारण बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की झुलसने से मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार लांजी थाना क्षेत्र के अधीन आने वाले सर्रा गांव के पास बाइक सवार सेवक पांचे नाम का व्यक्ति पत्नी रेणुका और एक अन्य परिजन भोजराज के साथ जा रहा था। बाइक अचानक सड़क किनारे बिजली के लटकते हुए तार के संपर्क में आ गयी और करंट के कारण तीनों बुरी तरह झुलस गए और उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने तीनों के शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने मामला जांच में ले लिया है। घटना की सूचना पर बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और तार को वहां से हटवाया। इस बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

## 12 राज्यों में बम की धमकी देने वाली युवती गिरफ्तार

**अहमदाबाद, 24 जून (एजेंसी)।** कुछ समय पहले गुजरात के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके बाद अहमदाबाद के दो स्कूलों और बीजे मेडिकल कॉलेज में बम ब्लॉस्ट की चेतावनी दी गई। यह सभी धमकियां ईमेल से मिल रही थीं। गुजरात पुलिस महीनों से ईमेल भेजने वाले की तलाश में थी और जब पुलिस की तलाश पूरी हुई तो सच्चाई जानकर सभी के पैरों तले से जमीन खिसक गई। ईमेल भेजने वाली युवती का नाम रेने जोशिल्दा है, जो चेन्नई की जानी-मानी मल्टीनेशनल कंपनी में काम करती है। अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद भी जोशिल्दा ने बीजे मेडिकल कॉलेज को धमकी भरा मेल भेजा था। हालांकि, उसकी एक चूक ने पुलिस को उसके घर तक पहुंचने का रास्ता दे दिया। जोशिल्दा ने फेक आईडी बनाकर, वीपीएन और डार्क वेब की मदद से यह धमकी भरे ईमेल भेजे थे। चेन्नई में रहने वाली जोशिल्दा ने बम की धमकी सिर्फ गुजरात ही नहीं बल्कि 11 अलग-अलग राज्यों को भी भेजी थीं। इस लिस्ट में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, राजस्थान, दिल्ली, कर्नाटक, केरल, बिहार, तेलंगाना, पंजाब, मध्य प्रदेश और हरियाणा का नाम शामिल है। ऐसे में 12 राज्यों की पुलिस जोशिल्दा को ढूंढ रही थी।

## ट्रेलर के टेम्पो पर पलटने से तीन की मौत, चार घायल

**हनुमानगढ़, 24 जून (वार्ता)** राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के नोहर थाना क्षेत्र में सोमवार को मिट्टी से लदा एक ट्रेलर एक टेंपो पर पलटने से चालक और उसमें सवार एक अधेड़ और उसकी पोती की मौत हो गयी, जबकि दो महिलायें और दो बच्चे घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चुरू जिले में राजगढ़ तहसील क्षेत्र के गांव जाखोद निवासी राजपाल सिंह अपने रिश्तेदार के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने के लिये परिवार सहित नोहर आया था। नोहर रेलवे स्टेशन से वह टेम्पो से आपूवाला के लिये रवाना हुए। अपराह्न करीब चार बजे सहारणों की ढाणी के पास मिट्टी से लदा एक ट्रक ट्रेलर टेंपो पर पलट गया, जिसके कारण टेम्पो में सवार राजपाल, आरुषि और टैम्पो चालक शंकरलाल की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि सुमन, रौनक, प्रद्युम्न और रेखा को घायलावस्था में टैम्पो से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार रेखा, रौनक और प्रद्युम्न को प्राथमिक उपचार के बाद बड़े अस्पताल भेज दिया गया। घटना के बाद ट्रेलर चालक फरार हो गया। पोस्टमार्टम मंगलवार को किया जायेगा।

## हरिद्वार में घायल मिले युवक की उपचार के दौरान मौत

**मीरापुर, 24 जून (बु.)।** सात दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में हरिद्वार में घायल मिले कस्बे के मौहल्ला पछाला निवासी युवक मोनू उर्फ हवा की उपचार के दौरान मेरठ मेडिकल में मौत हो गई। परिजनों ने दो युवकों पर हत्या का आरोप लगाकर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। कस्बे के मौहल्ला पछाला निवासी मोनू उर्फ हवा अपनी कार किराए पर चलाने का कार्य करता था। 16 जून की दोपहर उसकी कार को उसके मौहल्ला निवासी एक युवक मौहल्ला पड़ाव चौक निवासी साथी के साथ भात में जाने की बात कहकर किराए पर हरिद्वार गया था। 17 जून को मोनू के परिजनों पर हरिद्वार रेलवे पुलिस की ओर से फोन आया। बताया कि हादसे में मोनू घायल हुआ है, जिसे ऋषिकेश के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे तो मोनू अस्पताल में बेहोश मिला। कई दिन उपचार के बाद परिजनों ने उसे लाकर दो दिन पहले मेरठ मेडिकल में भर्ती कराया था, जहां उपचार के दौरान रविवार रात मोनू की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार दोपहर को मृतक का शव घर पहुंचा। पिता कृपाल ने दोनों युवकों व उनके कुछ अज्ञात साथियों के विरुद्ध मीरापुर थाने में तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की। मामला हरिद्वार का होने के कारण पुलिस ने उन्हें मुकदमा हरिद्वार लिखवाने के लिए भेज दिया है। परिजनों ने मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# सही निकला शक, पत्नी शाहिन ने ही कोल्ड ड्रिंक में नशीली गोलियां मिलाकर दबा दिया था पति सलमान का गला

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** जब से नीले ड्रम की घटना घटित हुई है, तभी से पतियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। उस घटना के बाद पतियों को निपटाने की अलग-अलग तरीके से कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं। ऐसे में मुजफ्फरनगर के शहर कोतवाली क्षेत्र से भी ऐसा एक मामला सामने आया है, जिसका खुलासा करते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 20 जून की रात्रि को सूचना मिली कि भोपा थाना क्षेत्र के गांव ककराला का रहने वाला सलमान शहर कोतवाली क्षेत्र के चमन कॉलोनी में मकान किराये पर लेकर रह रहा था। देर रात में खुद ही उसकी पत्नी से सूचना दी कि उसके पति सलमान ने तीसरी मंजिल पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, मगर परिजनों को पहले दिन से ही शक था कि उसकी पत्नी ने ही सलमान की हत्या की है। इस मामले में सलमान के भाई फैसल ने अपनी भाभी शाहिन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज कराते ही पुलिस ने पत्नी शाहिन को हिरासत में ले लिया और तीन दिन की कड़ी पूछताछ के बाद परिजनों का शक सही निकला और खुद शाहिन ने स्वीकार किया कि उसी ने कोल्ड ड्रिंक में नशीली गोलियां मिलाकर दुपट्टे से गला दबाकर पति सलमान की हत्या की थी। पुलिस ने शाहिन की निशानदेही पर मकान से नशीली गोलियां, हत्या में प्रयुक्त दुपट्टा व गिलास बरामद किया है। अब महिला का कहना है कि पति सलमान अन्य लोगों से उसे अनैतिक कार्य कराने के लिए मजबूर करता था और उन्हीं के साथ उसकी अश्लील वीडियो बनाता था। पत्नी ने उसका कई बार विरोध किया मगर पति सलमान अपनी गलत हरकतों से बाज नहीं आया। शाहिन के अनुसार इसी बात से परेशान होकर उसने पति की हत्या कर डाली। एसएसपी ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि शाहिन का पति सलमान पिछले तीन वर्षों से जबरदस्ती उससे अनैतिक कार्य करा रहा था। महिला के अनुसार अनैतिक कार्य कराने के बदले वह लोगों से पैसा वसूलता था और खुद कोई काम नहीं करता था। सलमान उसे यूपी के कई जनपदों यहां तक दिल्ली, मणिपुर व इम्फाल तक ले गया और अब अलग अलग 15 लोगों से अनैतिक कार्य का दबाव बना रहा था।

### नींद की गोलियों को सिल-बट्टे पर पीसकर कोल्ड ड्रिंक में दिया

**मुजफ्फरनगर।** महिला ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उक्त नींद की गोलियां स्वयं पति सलमान को कहकर मंगवाई थी और इन गोलियों को सिल बट्टे पर पीसकर उसे ही कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर दे दिया। महिला का कहना है कि उस पर इतने अधिक अत्याचार किये जा रहे थे कि उसने अपने अत्याचारों का बदला लेने के लिए ही सलमान की हत्या कर दी। शाहिन ने बताया कि उसका निकाह 6 साल पहले हुआ था और पिछले तीन वर्षों से उसका जीवन नर्क बना हुआ था और लगातार उससे अनैतिक कार्य करा रहा था।

### सलमान के मोबाइल की जांच की तो पांच लोगों के नाम आए सामने

**मुजफ्फरनगर।** एक ओर जहां पुलिस ने महिला से कड़ी पूछताछ की तो वहीं दूसरी ओर पुलिस ने हत्या के बाद मिला सलमान का मोबाइल चैक किया तो उसमें उसकी पत्नी की अलग-अलग लोगों के साथ अश्लील वीडियो मिली। पुलिस ने कुल पांच लोगों को इस मामले में ट्रेस किया है, जिनके साथ आरोपी महिला की अश्लील वीडियो हैं। जिसमें से एक व्यक्ति मणिपुर के इम्फाल का है, जो कि मूल रूप से देवबंद निवासी है। पुलिस की टीम इम्फाल पहुंचकर ही युवक से पूछताछ करेगी।



खुलासा
पत्रकारों को जानकारी देते पुलिस अधिकारी व हिरासत में ली गयी शाहिन

## सपा सांसद प्रिया सरोज और क्रिकेटर रिंकू सिंह की शादी टली

**नई दिल्ली, 24 जून (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह और मछलीशहर (जौनपुर) से सपा की युवा सांसद प्रिया सरोज की शादी टलने की सूचना मिली है। दोनों के घरों में तैयारियां चल रही थीं। शादी की तारीख टल जाने से तैयारियां भी रोक दी गई हैं। वाराणसी के होटल ताज में रिंकू और प्रिया की शादी होनी थी। आने वाले 18 नवंबर को क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की शादी होनी थी। नवंबर में होने वाली क्रिकेट टूनामेंट में रिंकू सिंह की व्यवस्तता के कारण यह शादी टाल दी गई है। होटल की बुकिंग को फरवरी माह के अंत में कर दिया गया है। तारीख अभी नहीं तय हुई है। भारतीय टीम के क्रिकेटर रिंकू सिंह और मछलीनगर से समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज ने लखनऊ के एक होटल में एक-दूसरे को अंगूठी पहनाई थी। इस सगाई समारोह में न सिर्फ खेल जगत से, बल्कि राजनीति से जुड़े भी कई दिग्गज लोगों ने शिरकत की थी। अपनी सगाई में प्रिया सरोज काफी भावुक थीं और वो अपने आंसुओं को रोक नहीं पाई थी। इसकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई थी।

# तुगलकी फरमान-पंचायत में नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपी को थप्पड़ों की सजा

### ▶▶ पंचायत में पूर्व प्रधान ने आरोपी पर थप्पड़ बरसाये ▶▶ पंचायत की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**मीरापुर, 24 जून (बु.)।** मीरापुर क्षेत्र के एक गांव में पंचायत ने तुगलकी फरमान सुनाते हुए नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपी को पंचायत में थप्पड़ों की सजा दी गयी। पंचायत में पूर्व प्रधान ने आरोपी की थप्पड़ों से पिटाई की, पिटाई के बाद आरोपी को माफ कर दिया। पंचायत के बीच आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार की। पंचायत की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। मीरापुर के गांव रसूलपुर गढ़ी में एक वहशी युवक ने एक सप्ताह पूर्व गांव की ही दूसरी बिरादरी की नाबालिग किशोरी के साथ रात के समय अंधेरे में जबरन दुष्कर्म का प्रयास किया था। किशोरी के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने आरोपी युवक को दबोच लिया था, किन्तु आरोपी युवक ग्रामीणों से छूटकर मौके से फरार हो गया था, जिसके बाद किशोरी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, तो परिजन आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने जाने लगे। मामले में पुलिस कार्यवाही की तैयारी की खबर फैलते ही आरोपी युवक की बिरादरी के एक पूर्व प्रधान ने पीड़ित पक्ष से सम्पर्क कर कानूनी कार्यवाही न करने की बात कही। चर्चा है कि पूर्व प्रधान ने पीड़ित पक्ष पर दबाव बनाते हुए आरोपी को पंचायत में सजा देने की बात कही, जिसके बाद मामले को लेकर गांव में पंचायत हुई तथा पंचायत में आरोपी युवक को थप्पड़ों की सजा दी गई। पंचायत में पूर्व प्रधान ने आरोपी युवक कई थप्पड़ लगाए और माफ कर दिया। कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आरोपी युवक पूर्व प्रधान की बिरादरी का है, जिस कारण पूर्व प्रधान ने उसे पुलिस से बचाने के लिए मात्र थप्पड़ मारने की सजा देकर उसे माफ कर दिया। बताया जा रहा है कि मामले में पंचायत द्वारा दी गई सजा से बड़ी संख्या में लोग संतुष्ट नहीं थे और इसे तुगलकी फरमान की संज्ञा दे रहे थे। एक सप्ताह बाद उक्त पंचायत की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है, हालांकि बुलेटिन ऐसी किसी वीडियो की पुष्टि नहीं करता। पुलिस मामले की जानकारी होने से इंकार कर रही है। घटना के सम्बंध में एसपी देहात आदित्य बंसल ने कहा कि स्थानीय पुलिस को कोई प्रार्थना-पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। मामले की जानकारी की जा रही है। सत्यता मिलते ही कार्यवाही की जाएगी।



### पंचायत में शामिल लोगों पर भी हो कार्यवाही

**मीरापुर।** पंचायत में तुगलकी फरमान लागू करने वाले लोग स्पष्ट रूप से खुद को संविधान व कानून से ऊपर साबित कर रहे हैं तथा पुलिस प्रशासन को पंगु साबित कर रहे हैं। इस तरह के मामलों में पुलिस प्रशासन को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए और पंचायत में निर्णय करने वाले लोगों पर भी कानून का शिकंजा कसना चाहिए।

### पीड़ित किशोरी से भी लगवाए थप्पड़

**मीरापुर।** मामले को लेकर जब पंचायत शुरू हुई तो पंचायत में पीड़िता किशोरी से भी आरोपी को कई थप्पड़ लगवाए गए, जो कि वायरल वीडियो में दिखाई पड़ रहा है। वायरल वीडियो में पूर्व प्रधान किशोरी को बोल रहा है कि मार थप्पड़, जिसके बाद किशोरी आरोपी को थप्पड़ लगाती नजर आ रही है।

### पंचायतों के फैसलों से बढ़ रहा अपराधियों का मनोबल

**मीरापुर।** ग्रामीणों क्षेत्रों में आपराधिक मामलों को लेकर गुपचुप तरीके से पंचायतें आयोजित होना चलन में आ गया है। उक्त पंचायतों में पीड़ित पक्ष को समाज की दुहाई देकर चुप करा दिया जाता है तथा आरोपियों को कभी पांच थप्पड़ मारकर तो कभी कान पकड़वाकर माफ कर दिया जाता है, जिसके फलस्वरूप आपराधिक मानसिकता के युवकों का मनोबल बढ़ता है और वह पुलिस कार्यवाही न होने की बात अपने मन में ठान लेते हैं तथा बिना किसी डर के अपराध करते हैं। उन्हें विश्वास हो जाता है कि उन्हें पंचायत में छोटी-मोटी सजा सुनाकर माफ कर दिया जाएगा, जिससे स्पष्ट होता है कि पंचायतों द्वारा किये जा रहे तुगलकी फैसलों से अपराध बढ़ रहे हैं, वहीं इस तरह के फैसले सुनाकर पंचायत भी खुद को न्यायालय समझ लेती है।

## कूड़े के ढेर पर पड़ा मिला मृत नवजात, साथ में मिले लोकप्रिय हॉस्पिटल और पैथोलॉजी लैब के पर्चे

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** रुड़की रोड स्थित हॉस्पिटलों के अनैतिक कार्यों की पोल आए दिन खुलती ही रहती है। इसी क्रम में मंगलवार की सुबह रुड़की रोड पर भी एक कूड़े के ढेर पर मृत नवजात पड़ा हुआ मिला। जब इसकी सूचना गौसेवकों को मिली तो नीशू गौसेवक मौके पर पहुंचे और कूड़े में घुसकर जब नवजात को उठाया तो नवजात के साथ-साथ कुछ पर्चे भी मिले, जो कि रुड़की रोड स्थित ही लोकप्रिय हॉस्पिटल व एक पैथोलॉजी लैब हिन्दू पैथोलॉजी लैब के थे। मृतक नवजात को लेकर नीशू गौसेवक जिला चिकित्सालय व बाद में थाना कोतवाली पहुंचा, मगर पुलिस ने पहले नवजात का अंतिम संस्कार करने की बात कही। उक्त मामले में नवजात का अंतिम संस्कार तो हो गया मगर कूड़े के ढेर पर मिले पर्चों ने कई नए सवाल खड़े कर दिये। हो न हो माना यही जा रहा है कि उक्त नवजात की डिलीवरी रुड़की रोड स्थित लोकप्रिय हॉस्पिटल में हुई है। इसकी सूचना जब सीएमओ को मिली तो सीएमओ ने इस हॉस्पिटल पर टीम भेजकर पूछताछ कराई, मगर देर शाम तक सीएमओ ने व्यस्तता के नाम पर यह नहीं बताया कि आखिर जांच में मिला क्या है? और जब तक यह सच्चाई सामने नहीं आ जाती कि आखिर उक्त हॉस्पिटलों में किस तरह से खुलकर अनैतिक कार्य हो रहे हैं, कभी इन हॉस्पिटलों में उपचार के दौरान मरीज अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं तो कभी नवजात के शव के साथ इनके हॉस्पिटलों के कागज पड़े मिलते हैं। इन सब सवालों के जवाब जिला चिकित्सालय के सीएमओ क्या दे पाते हैं, देखने वाली बात यही है। फिलहाल तो चंद दिनों में यह हॉस्पिटल सीज हो जाते हैं और फिर किस तरह से यह खुल जाते हैं, यह रहस्य भी अभी बरकरार है। लगातार रुड़की रोड स्थित इन हॉस्पिटलों में अनैतिक कार्य पकड़े जाने के बावजूद भी कोई बड़ी कार्यवाही होती नहीं दिखाई देती।







# रिमझिम बौछारों के बीच फिर बदला मौसम का मिजाज

### ▶▶ तीसरे दिन भी हुई 13 एमएम बारिश से भीगा पूरा शहर ▶▶ मौसम विभाग का यूपी के 16 जनपदों में भारी बारिश का अलर्ट

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर व वेस्ट यूपी के साथ देशभर में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है और इसके साथ ही उत्तर भारत में मौसम ने करवट ले ली है। राजधानी दिल्ली समेत पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ गुजरात और पूर्वी भारत के कई इलाकों में तेज बारिश और आंधी-तूफान की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मौसम के बदलते मिजाज के बीच मंगलवार दोपहर में नगरीय क्षेत्र में 12.8 एमएम बारिश के साथ बीते दिवस की भांति तापमान में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला। मौसम विभाग के आंकड़ों में अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। केरल में इस बार समय से करीब एक सप्ताह पूर्व मानसून की दस्तक के बाद मंगलवार, 24 जून को दिल्ली-एनसीआर के साथ मुजफ्फरनगर में दूसरी बड़ी प्री-मानसून की बारिश के बाद मानसून के आधिकारिक प्रवेश की पुष्टि की जा रही है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए दावा किया है, जिसमें आने वाले दिनों में तेज बारिश व आंधी की चेतावनी के साथ बारिश से तापमान में कुछ हद तक गिरावट का दावा किया है, जिससे आने वाले दिनों में भीषण गर्मी से राहत मिलने की आस जगी है। जनपद में गुरूवार को हुई 11.4 एमएम बारिश के बाद रविवार को दिन निकलते हुई 13.6 एमएम बारिश ने शहर को पानी-पानी कर दिया था, जिसके बाद मौसम में ठंडक के साथ राहत दिखाई दी, लेकिन सोमवार को गर्मी एवं उमस का शुरू क्रम मंगलवार की दोपहर हुई 12.8 एमएम बारिश से राहत देने वाला साबित हुआ। मौसम विभाग की माने तो उत्तर प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। बताया जा रहा है कि, 26 जून से पूरे प्रदेश में भारी बारिश की संभावना जताई गई है और 29 जून तक यूपी के 16 जनपदों में चमक के साथ बौछारें पड़ने के साथ भारी बारिश भी हो सकती हैं। इसके अलावा बिजली गिरने और बादल गरजने का भी खतरा बना हुआ है। भारी बारिश के कारण कई जगहों पर भूस्खलन और जलभराव से जन-जीवन प्रभावित हुआ है, जिससे ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, बंगाल की खाड़ी में नया चक्रवाती सिस्टम बनने की संभावना के साथ बुधवार 25 जून को साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय हो सकता है, जो अगले 48 घंटे में असरदार रहेगा। यह सिस्टम मानसून को और ताकत देगा, जिससे कृषि के लिहाज से अच्छी बारिश की संभावना बनी रहेगी।




रिमझिम बारिश

## हद ही हो गयी, तीसरे दिन भी मासूम का नहीं लगा कोई सुराग

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** आपको बता दें कि नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरनगर में तीन वर्षीय मासूम अवि पर बारिश कहर बनकर बरपी थी। अवि का पैर नाले में फिसल जाने की बात सामने आई थी, मगर हैरान कर देने वाली बात यह है कि नाले में बह जाने के तीन दिन बाद भी लाख मशक्कत के बाद अवि का कोई सुराग तक नहीं लगा। यहां तक कि प्रशासन द्वारा तालाब में भी दो पम्पिंग सेट लगवाकर पानी निकलवाने का काम किया गया और लगभग 25 मजदूरों से गंदगी से अटे तालाब की सफाई कराई जा रही है। बावजूद इसके अवि का कोई अता-पता नहीं है। पिछले तीन दिन से कई गोताखोर, पोखलेन मशीन लगाकर भी बच्चे की तलाश की गयी मगर अभी तक निराशा ही हाथ लगती दिखाई दी। बड़ी बात यह है कि सभी का एक ही सवाल है कि आखिर

## जारी है कुत्तों का आतंक, पुरबालियान में दो, प्रेमपुरी में एक बच्ची को किया घायल

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** देर शाम अलग-अलग दो घटनाओं में शाहपुर थाना क्षेत्र के पुरबालियान गांव में आवारा कुत्तों का आतंक इतना बढ़ चुका है कि उन्होंने दो मासूमों को अपना शिकार बना डाला। दोनों मासूम जिस समय घर के बाहर खेल रहे थे, तभी कुत्तों ने इन पर हमला कर दिया, जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया, वहीं दूसरी ओर नगर के मौहल्ला प्रेमपुरी में एक पालतू कुत्ते ने मासूम को काट लिया। उक्त पालतू कुत्ता पिटबुल प्रजाति का है। शहर कोतवाली में कुत्ते के मालिक के खिलाफ तहरीर दे दी गयी है वहीं उक्त बच्ची को भी उपचार के लिए डॉक्टर के पास ले जाया गया। आपको बता दें कि नगर में आए दिन कुत्तों के काटने के समाचार लगातार आते रहते हैं, मगर प्रशासन के पास इस बात का कोई समाधान नहीं है।


प्रेमपुरी

## कोर्ट में पति-पत्नी में विवाद, पति का सिर फोड़ा

**मुजफ्फरनगर, 24 जून (बु.)।** कोर्ट में तारीख पर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। महिला के परिजनों ने हमला कर पति का सिर फोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया था। घायल ने अपनी पत्नी व ससुरालियों के खिलाफ थाने पर तहरीर दी है।

हरिद्वार निवासी राहुल की शादी वर्ष 2017 में भोपा निवासी वैष्णवी के साथ हुई थी। कुछ समय पूर्व दोनों के बीच किसी बात को लेकर मनमुटाव हो गया और दोनों एक-दूसरे से अलग हो गए। महिला ने अपने पति के खिलाफ कोर्ट में वाद दायर किया था। मंगलवार को दोनों पक्षों के लोग कोर्ट में तारीख पर आए थे। कचहरी परिसर में पार्किंग के पास दोनों पक्षों में विवाद हो गया। महिला के परिजनों ने राहुल पर हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत किया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया था। चौकी प्रभारी प्रशांत गिरी का कहना कि घायल ने थाने पर तहरीर दी है।

### रुपया 74 पैसे मजबूत

मुंबई, 24 जून (वार्ता) इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम समझौते की घोषणा के बाद दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के लुढ़कने की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 74 पैसे मजबूत होकर 86.05 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 86.79 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया 72 पैसे की बढ़त के साथ 86.07 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की डॉलर बिकवाली की बदौलत 85.92 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, लिवाली होने से यह 86.27 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 86.79 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में 74 पैसे मजबूत होकर 86.05 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

## कुएं में उतरे पांच युवकों की जहरीली गैस से मौत

**गुना, 24 जून (वार्ता)** मध्यप्रदेश के गुना जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के धरनावदा गांव में आज सुबह एक कुएं में गिरे गाय के बछड़े को बाहर निकालने का प्रयास में पांच युवकों की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि एक युवक किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहा। पुलिस और प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में एक पुराने कुएं में सुबह के समय गाय का एक बछड़ा गिर गया था। इसे निकालने के लिए सबसे पहले गांव का युवक मन्नू कुशवाह कुएं में उतरा। कुछ देर बाद उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। उसकी मदद के लिए सोनू कुशवाह और एक अन्य युवक भी नीचे उतर गए। तीनों की हालत बिगड़ती देख मन्नू का बड़ा भाई पवन कुशवाह और गांव के दो अन्य युवक गुरु ओझा तथा शिवचरण साहू भी सहायता के लिए कुएं में उतरे। कुएं में संभवतः जहरीली गैस की उपस्थिति के कारण सभी की सांसें घुटने लगीं। इस दौरान पवन कुशवाह रस्सी के सहारे किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहा, लेकिन अन्य पांच युवक कुएं में ही बेहोश हो गए। सभी युवकों को गंभीर स्थिति में कुएं से बाहर निकालकर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने गुरु ओझा, शिवदयाल ओझा, सोनू कुशवाह, मन्नू कुशवाह और सिद्धार्थ सहरिया को मृत घोषित कर दिया। इनमें से तीन की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान की निगरानी की। मृतकों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

## हम युद्ध विराम पर सहमत, लेकिन उल्लंघन का जवाब देंगे : नेतन्याहू

**यरुशलम,24 जून (वार्ता)** इजरायल ने ईरान के साथ युद्ध विराम पर सहमति जताते हुए कहा है कि इसके उल्लंघन पर माकूल जवाब दिया जायेगा। दोनों देशों के बीच युद्ध विराम पर इजरायली समयानुसार मंगलवार सुबह सात बजे सहमति बनी। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि युद्ध विराम पर सहमति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ पूर्ण समन्वय में दी गई है। इसके अलावा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आज दिन में इस पर बयान देने की संभावना है। बयान में कहा गया,''इजरायल ऑपरेशन के उद्देश्यों को हासिल करने के मद्देनजर और राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ पूर्ण समन्वय में, राष्ट्रपति के द्विपक्षीय युद्ध विराम के प्रस्ताव पर सहमत हो गया है। युद्ध विराम के किसी भी उल्लंघन का करारा जवाब दिया जायेगा।'' श्री नेतन्याहू ने कहा कि सोमवार रात उन्होंने रक्षा मंत्री, चीफ ऑफ स्टाफ और मोसाद के प्रमुख के साथ सुरक्षा कैबिनेट की बैठक बुलाई थी, ताकि यह रिपोर्ट दी जा सके कि इजरायल ने अपने सभी लक्ष्यों को हासिल कर लिया है। बयान के अनुसार इजरायल ने एक साथ दोनों, परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल क्षेत्रों के खतरे को समाप्त कर दिया। इसके अतिरिक्त, इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने ईरान के हवाई क्षेत्र पर पूर्ण प्रभुत्व प्राप्त कर लिया, सैन्य नेतृत्व पर जोरदार हमला किया और ईरान में कई केंद्रीय सरकारी ठिकानों को नष्ट कर दिया। बयान में यह भी दावा गया कि पिछले 24 घंटों में ही, आईडीएफ ने ईरान के सरकारी ठिकानों पर जोरदार हमला किया, सैकड़ों बासीज अधिकारियों - शासन के आतंक दमन बल - को ढेर कर दिया और एक अन्य वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक को मार डाला। इज़रायल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरानी परमाणु संवर्धन केन्द्र को ध्वस्त करने में उनकी मदद के लिए धन्यवाद देता है। बयान में कहा गया,'' इज़राइल ,राष्ट्रपति ट्रम्प और संयुक्त राज्य अमेरिका को रक्षा में उनके समर्थन और ईरानी परमाणु खतरे को हटाने में उनकी भागीदारी के लिए धन्यवाद देता है।'' प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा,'' इजरायल ने खुद को एक विश्व शक्ति साबित कर दिखाया है। इजरायल ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं और खुद को दुनिया की महाशक्तियों के कतार के साथ खड़ा कर दिया है। यह इजरायल के लोगों और उसके सैनिकों के लिए एक बड़ी सफलता है, जिन्होंने देश के लिए दो प्रमुख खतरों को दूर किया।



## सम्भल में 17 सैकेण्ड में गिरा दी मस्जिद की 40 फीट ऊंची मीनार

**संभल, 24 जून (एजेंसी)।** चंदौसी में रजा-ए-मुस्तफा मस्जिद की 40 फीट ऊंची मीनार को 17 सेकेंड में गिरा दिया गया. नगर पालिका परिषद चंदौसी की जमीन पर मस्जिद को अवैध रूप से बनाया गया था। प्रशासन ने मस्जिद कमेटी को ध्वस्त करने का समय दिया था। मस्जिद कमेटी के नहीं गिराने पर प्रशासन मंगलवार को हाइड्रा मशीन लेकर पहुंचा और मस्जिद को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बस मौजूद रहा। चंदौसी कोतवाली इलाके के वारिस नगर में नगर पालिका की करीब साढ़े 6 बीघा जमीन पर रजा-ए-मुस्तफा मस्जिद के अलावा 33 अवैध मकान बने हुए हैं। प्रशासन ने रजा-ए-मुस्तफा मस्जिद कमेटी को मस्जिद गिराने का नोटिस जारी किया था। 19 जून को नोटिस का समय पूरा हो गया था। 20 दिन पहले रजा-ए-मुस्तफा मस्जिद कमेटी को मस्जिद हटाने का नोटिस दिया गया था। समय सीमा खत्म होने के बाद भी मस्जिद को ढहाया नहीं गया। 20 जून को प्रशासन ने मस्जिद गिराने की कार्रवाई शुरू कर दी थी। 21 जून को सुबह 8 बजे मस्जिद गिराने का काम शुरू हुआ था। मस्जिद के अलावा सरकारी जमीन पर बने 33 अवैध मकानों को भी नोटिस दिया गया था। मंगलवार को एसडीएम विनय मिश्रा और सीओ अनुज चौधरी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। मस्जिद कमेटी को मीनार हटाने के आदेश दिए। मीनार ऊंची होने के कारण हाइड्रा मशीन बुलाई गई। महज 17 सेकंड में 40 फीट ऊंची मीनार को गिरा दिया गया। मामले में चंदौसी एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि मस्जिद का जो अवशेष रह गया था, उसे हटाने का काम किया जा रहा है। मस्जिद कमेटी के सहयोग से मीनार हटाई जा चुकी है। हाइड्रा मशीन लगाकर मीनार को सुरक्षित तरीके से हटाया गया है। किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई है।